


नवभारत
भोपाल, रविवार 10 मई 2026


## बेगमगंज में गहराया जलसंकट



▸ सेमरी नदी सूखी .

**बेगमगंज , 9 मई. नदी सूख जाने से नगर में जलसंकट गहरा गया है.नगर को पेयजलापूर्ति करने वाली सेमरी नदी डेम के डूब क्षेत्र वाली भूमि जिसका जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों को मुआवजा दे दिया गया था लेकिन आज तक किसानों ने कब्जा नहीं छोड़ा है और उनके द्वारा मूंग की फसल में सिंचाई के लिए पानी खींचने से नदी सूख गई है. इस कारण जलसंकट खड़ा हो गया है.**

। सेमरी नदी क्षेत्र के किसानों द्वारा 200 हेक्टयर में मूंग की फसल की बुआई की गई है. सेमरी नदी से दिनरात लगातार पानी की सिंचाई करने से नदी की धार टूटकर नदी सूख गई है. प्रशासन द्वारा सिंचाई पर प्रतिबंध नहीं लगाए जाने से आने वाले दिनों में नगर में पानी के लिए हाहाकार मचने वाला है. एक लाख आबादी वाले बेगमगंज नगर के 18 वार्डो में पेयजलापूर्ति के लिए सेमरी नदी बांध से सप्लाई चेन चलती है और सहायक के रूप में नगर में लगे 44 ट्यूबवेल भी पेयजलापूर्ति करते हैं. जिनमें से कई ट्यूबवेल का जलस्तर कम होने से शाहपुर -हदाईपुर , खिरिया नारायण दास , टेकरी , शिक्षक कॉलोनी , मुकरबा , काजी मोहल्ला , पक्का फाटक, लखेरापुरा , रंगरेज मोहल्ला बकरी बाजार , कटरा मोहल्ला अस्पताल , तबेलापुरा इत्यादि में एक दिन छोड़कर जल सप्लाई की जा रही है. जिन वार्डों में टंकी एवं ट्यूबवेल से सप्लाई है उनमें रामनगर - श्यामनगर , एसबीआई कॉलोनी , चुरक्का गंभीरिया , गड़ोईपुरा , गाँधी बाजार मेन रोड, चोर बाबड़ी ,पीरा शाह , मलंगशाह , बजरिया इत्यादि में प्रतिदिन पेयजलापूर्ति की जा रही हैं. लेकिन जलस्तर गिरने से ट्यूबवेल भी दम तोड़ चुके हैं जो एक से दो घंटे तक अलग - अलग वार्डों में जल सप्लाई कर रहे हैं. लोगों ने जलसंकट हल करने की मांग की है.

### ▸ टैंकरों से पानी खरीद रहे हैं लोग

जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है , वैसे - वैसे जलस्तर गिरता जा रहा है. पेयजल के लिए तरसते लोगों को टैंकर से पानी सप्लाई करने वालों को पैसे देकर इधर-उधर से पानी खरीदना पड़ रहा है . ऐसे में नवीन ट्यूबवेल खनन की नितांत आवश्यकता है जो वार्डों की जलापूर्ति करने वाली पाइप लाइन से सीधे जुड़कर आसानी से वार्डवासियों को जलापूर्ति कर सकते हैं . जिससे पेयजल को तरसते लोगों को बहुत कुछ राहत पहुंचेगी .

### ▸ इनका कहना है

मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र शर्मा का कहना है कि पेयजलापूर्ति के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई जा रही है. फिलहाल सभी को बराबर पानी मिल रहा है . नगर में जलसंकट नहीं होने दिया जाएगा. इसके लिए नवीन ट्यूबवेल खनन के साथ अन्य संसाधनों से भी पेयजल व्यवस्था की जाएगी.

## सिलवानी क्षेत्र में आज 8 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**सिलवानी, 9 मई.** विद्युत उपकेंद्र सिलवानी पर विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के तहत पावर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाना है.

इस कार्य के चलते रविवार 10 मई को प्रात: 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्णत: बंद रहेगी. यह निर्णय सुरक्षा एवं तकनीकी कारणों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है. विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सभी आवश्यक कार्य पूर्व में ही निपटा लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके ।कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि कार्य पूर्ण होने के बाद विद्युत सप्लाई सुचारु रूप से पुन: चालू कर दी जाएगी.

## आने वाली पीढ़ी के लिए सहेजना होगा पानी : प्रभारी मंत्री

▸ जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रमदान कर की तालाब की सफाई

**रायसेन, 9 मई. मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा रायसेन स्थित पूरन तालाब पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की गई.**

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा श्रमदान कर तालाब की साफ सफाई की गई.





इस अवसर पर प्रभारी मंत्री पंवार ने कहा कि पानी प्रकृति का वरदान है, आगे आने वाली पीढ़ी के लिए हमे पानी को बचाकर रखना होगा. इसके लिए हमें हमारे संसाधनों, जल स्त्रोतों को सहेजना जरूरी है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान जल स्त्रोतों के संरक्षण के साथ ही बारिश की बूंद बूंद को सहेजने का अभियान है. गुड़ी पड़वा से शुरू हुआ यह अभियान 30 जून तक चलेगा.

पंवार ने कहा कि आज पानी को सहेजना अति आवश्यक है. 21वीं सदी में पानी के महत्व को ध्यान में रखते हुए सभी को पानी बचाने का प्रयास करना होगा. इसके लिए पानी के स्त्रोतों को रीचार्ज करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से तालाब निर्माण होता आ रहा है. जिनमें 12 महीने के लिए पानी सहेजा जाता था. वर्तमान में पानी का संकट गहराता जा रहा है. आज विज्ञान उन्नत है. जिसका उपयोग करते हुए जल संरचनाओं को मजबूत करना है.

सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान पुराने जल स्त्रोतों की साफ सफाई और संरक्षण का अभियान है . जिससे की प्राचीन जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके . उन्होंने कहा कि पूरन तालाब प्राचीन तालाब है, अभियान के तहत यहां तालाब की पिचिंग की गई है तथा बाउंड्रीवॉल बनाई गई है . कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन ने भी संबोधित किया . इस अवसर पर सांची जनपद अध्यक्ष अर्चना पोर्ते, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, राकेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे .

## खेल मैदानों में बढ़ी रौनक



**सिलवानी, 9 मई.** नगर में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का सकारात्मक प्रभाव अब खेल मैदानों पर साफ दिखाई देने लगा है. बड़ी संख्या में बच्चे और युवा खेल गतिविधियों से जुड़ रहे हैं तथा मैदानों की ओर उनका रुझान बढ़ा है.1 मई से 30 मई तक 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है. मुख्यालय पर कबड्डी, खो-खो, कराटे, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग और योगासन सहित सात खेल विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है. खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता विकसित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है. बच्चों में खेलों के प्रति उत्साह और रुचि लगातार बढ़ रही है.

## वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल

▸ हाईवे पर वाटिका ढाबे के सामने हुआ हादसा

**सलामतपुर, 9 मई. भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर वाटिका ढाबे के सामने शुक्रवार रात तेज रफ्तार ट्राले ने मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी. जिससे उसे गंभीर चोटें आ गईं.**

और घटना को अंजाम देकर अज्ञात ट्राला मौके से फरार हो गया. वहीं घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.



जानकारी अनुसार अरमान पिता वसीम खान निवासी मुड़ियाखेड़ा जेसीबी पर हेल्पर का काम करता है. वह अपनी मोटरसाइकिल मुक्तापुर गांव से लेकर अपने घर मुड़ियाखेड़ा गांव जा रहा था. तभी रास्ते में वाटिका ढाबा के सामने हाइवे पर किसी अज्ञात ट्राले द्वारा चालक को टक्कर मार दी.

अरमान के सिर व पैर में चोटें आई हैं. जानकारी मिलते ही घायल युवक अरमान को जेसीबी मालिक द्वारा अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद अरमान की जान खतरे से बाहर बताई जा रही. थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी ने बताया कि ऐसी जानकारी हमें मिली है. लेकिन अभी तक थाने में किसी ने भी रिपोर्ट दर्ज नही कराई है.

### एक नजर में



#### 10 हजार लीटर लाहन नष्ट, 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायसेन, 9 मई .** जिले की गौहरगंज पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 हजार लीटर लाहन नष्ट किया है . इस दौरान 20 लीटर कच्ची शराब भी जब्त की गई और चार आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया .पुलिस को आदिवासी बहुल गांवों में बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बनाए जाने की सूचना मिली थी . इसी सूचना पर ग्राम पांजरा, कामतौन, कासिया, महोली और चिकलौद के जंगलों में बारना नदी और नाले किनारे दबिश दी गई . छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को ड्रमों में अवैध शराब बनाने के लिए रखा गया लाहन मिला, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया . इसके साथ ही अवैध कच्ची शराब भी जब्त की गई .इसमें थाना प्रभारी गौहरगंज उपनिरीक्षक विनोद परमार, चौकी प्रभारी चिकलोद सहायक उपनिरीक्षक आरएस भदौरिया, प्रधान आरक्षक विनय दुबे, दुर्गेश राजपूत, धर्मेंद्र परमार, धीरेंद्र भारती, ब्रजेश, आरक्षक संजीव, रवि मीणा, महिला आरक्षक भावना और दर्शना सोलंकी शामिल थे .

#### मंत्री ने पोषण आहार युक्त फूड बॉस्केट वितरित की

**रायसेन, 9 मई .** प्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी तथा भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में बच्चों को पोषण आहार युक्त फूड बॉस्केट वितरित किए गए . इस दौरान कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने रायसेन जिले को कुपोषण मुक्त बनाने शुरू किए गए जनसहयोग से जरूरतमंद बच्चों को फूड बॉस्केट वितरित करने के अभियान की प्रगति से अवगत कराया .

## नाबालिग लड़की बिना बताए घर से लापता

▸ पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश की शुरू

**सलामतपुर, 9 मई. थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 16 साल की नाबालिग लड़की को दिनदहाड़े कोई अज्ञात युवक बहला फुसला के भगाकर ले गया है. जैसे ही मामले की जानकारी परिजनों को मिली तो उन्होंने थाने में अज्ञात युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है.**

सलामतपुर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत धारा 137(2) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है. पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव से आए पिता ने शिकायत दर्ज कराई की उनकी नाबालिग लड़की गुरुवार दोपहर 3 से 4 बजे के बीच से लापता है. काफी खोजबीन के बाद भी लड़की का कहीं पता नही चल सका. इतना ज़रूर पता चला है कि उसको कोई अज्ञात युवक बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है. घर से लापता हुई नाबालिग चार भाई बहनों में तीसरे नंबर की है. जो गांव में परिवार के साथ ईंट भट्टे पर रहती थी. गुरुवार दोपहर लगभग तीन से चार बजे से लापता है. घटना के समय नाबालिग लड़की घर से नाले के पास शौच करने जाने का बोलकर निकली थी. वहीं पिता ईंट भट्ठे पर मजदूरी का काम करते हैं. जब लड़की एक घंटे तक भी वापस नही आई तो परिजनों ने आसपास काफी तलाश की तो उसका कहीं कुछ पता नही चल सका. तो उसके पिता को पूरे मामले की जानकारी देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है.

### ▸ इनका कहना है

मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा होने के चलते तत्काल आसपास थाने सहित भोपाल और विदिशा थाना क्षेत्र में भी नाबालिग लड़की से जुड़ी हुई पूरी जानकारी भेज दी है . उन्होंने कहा है कि जांच जारी है . हम शीघ्र ही नाबालिग लड़की को दस्तयाब कर लेंगे .

**दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी सलामतपुर .

## जीवन का उद्देश्य धर्म को आत्मसात करना है

▸ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में डॉ . राघवाचार्य ने कहा

**उदयपुरा, 9 मई.** श्री राम जानकी मंदिर उदयपुरा में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर कथावाचक संत शिरोमणि डॉ. राघवाचार्य ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन केवल लाभ और हानि के चिंतन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य धर्म, मर्यादा, सेवा और सदाचार को आत्मसात करना है. उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन मानव समाज के लिए आदर्श प्रेरणा है,



जिसमें त्याग, विनम्रता, कर्तव्य और मर्यादा का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है.

महाराजश्री ने भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के विवाह उत्सव का अत्यंत भावपूर्ण और साहित्यिक वर्णन किया. उन्होंने कहा कि श्रीराम ने जीवन के प्रत्येक कार्य को मर्यादा और विनम्रता के साथ संपन्न किया.



## 43 कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट वितरित

**बेगमगंज, 9 मई.** पोषण ट्रैकर से चिन्हित 43 कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट का वितरण किया गया.आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक माह शारीरिक माप दिवस का आयोजन किया जाता है. इस दौरान 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई लेकर पोषण ट्रैकर एप में दर्ज किया जाता है. एप के माध्यम से ही बच्चों के पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य स्थिति का निर्धारण किया जाता है. परियोजना बेगमगंज में इस माह पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से 43 कुपोषित बच्चे चिन्हित किए गए. इन बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने के लिए एलटी फाउंडेशन (दावत) के सहयोग से सुपोषित फूड किट वितरित किए गए. कार्यक्रम का आयोजन शहरी क्षेत्र के सेक्टर आंगनबाड़ी केंद्र, सुमेर में प्रभारी परियोजना अधिकारी संगीता ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया.

कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर, एलटी फाउंडेशन (दावत) के ऑब्जर्वर अभय गौर , सेक्टर पर्यवेक्षक अनीता बाथरे, सहायक वसीम अली ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बबीता साहू, तथा नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं.

## लोक अदालत में निपटे कई प्रकरण

**बेगमगंज , 9 मई.** नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया.तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश सविता ओगले ने द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सचिन द्विवेदी , न्यायिक मजिस्ट्रेटद्वय अन्ना गिलोरी माहेश्वरी , श्वेता पटेल एवं अधिवक्ताओं की मौजूदगी में लोक अदालत का शुभारंभ किया. जिला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सविता ओगले की खंडपीठ में 30 प्रकरण , द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सचिन द्विवेदी खंडपीठ



में 5, न्यायिक मजिस्ट्रेट अन्ना गिलोरी माहेश्वरी खंडपीठ में 9 एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता चौहान की खंडपीठ में 10 लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति से समझौता हुआ.

## बाइक को बचाने में पुलिया पर लटका टैंकर

▸ तेज रफ्तार के चलते प्रतिदिन हो रहे हैं हादसे

**सलामतपुर, 9 मई.** भोपाल-विदिशा नेशनल हाईवे 146 पर शुक्रवार रात को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. आमखेड़ा और काछी कानाखेड़ा गांव के बीच विदिशा की ओर जा रहा एक ऑयल टैंकर एमपी04 एचई 7333 मोटरसाइकिल चालक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पुलिया की रैलिंग पर जा लटका. इस दौरान टैंकर ने बाइक



को टक्कर भी मार दी, जिससे मोटरसाइकिल का अगला पहिया क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे में बाइक चालक को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई. सूचना मिलते ही पुलिस की डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला. बाद में क्रेन की मदद से टैंकर को हटाया गया.

### ▸ इनका कहना है .

भोपाल-विदिशा हाईवे आए दिन हादसे हो रहे हैं . प्रशासन को तेज रफ्तार वाहनों पर चालानी कार्रवाई करना चाहिए .

**कैलाश गोस्वामी,**
**समाजसेवी रातातलाई .**

गनीमत रही कि टैंकर पलटा नहीं, अन्यथा हाईवे पर बड़ा हादसा हो सकता था .विभाग को तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करना चाहिये .

**वहीद खान, वरिष्ठ पत्रकार .**

### समस्या ▸ फैक्ट्री के सामने स्कूल के बच्चों से लेकर वाहन चालक तक परेशान

## फैक्ट्री से निकलने वाला जहरीला धुआं बना मुसीबत



अदनान खान

**सलामतपुर, 9 मई. रायसेन जिले के भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित दीवानगंज स्थित मध्य भारत फैक्ट्री से निकलने वाला धुआं हवा के साथ सड़क तक फैल जाता है, जिससे गुजरने वाले लोगों की आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि फैक्ट्री में बड़ी चिमनी मौजूद होने के बावजूद धुआं छोटी चिमनी से छोड़ा जा रहा है. कम ऊंचाई होने के कारण धुआं ऊपर जाने के बजाय सीधे सड़क और आसपास के इलाके में फैल जाता है. हालत यह है कि हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को कई बार अचानक धुएं के गुबार से सामना करना पड़ता है. सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि फैक्ट्री के सामने ही दो स्कूल संचालित हैं. स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को भी धुएं और बदबू के बीच से गुजरना पड़ता है. अभिभावकों ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई है. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मामले की शिकायत कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.

### ▸ दीवानगंज पंचायत भी दे चुकी है नोटिस

मध्य भारत फैक्ट्री के सामने शासकीय पीएम श्री स्कूल एवं एक निजी स्कूल है दोनों ही स्कूल में क्षेत्र भर के बच्चे बड़ी संख्या में पढ़ने आते हैं . फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं के कारण स्कूली बच्चों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है और आंखों में जलन भी हो रही है . पूर्व में भी इस समस्या को लेकर शासकीय पीएम श्री स्कूल एवं एक निजी स्कूलों ने ग्राम पंचायत को पत्र लिखकर फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं की शिकायत की थी . दोनों ही स्कूलों के पत्र को संज्ञान में लेकर दीवानगंज ग्राम पंचायत सरपंच गिरजेश नायक द्वारा फैक्ट्री को 8 दिन के अंदर बंद करने का नोटिस दिया गया था . सरपंच गिरजेश नायक ने बताया कि सरकारी स्कूल और 1 प्राइवेट स्कूल के प्राचार्य ने पंचायत को लेटर जारी कर बताया था कि मध्य भारत फैक्ट्री से ज़हरीला धुंआ निकल रहा है . जिसकी वजह से बच्चों को सांस लेने और आंखों में जलन पड़ रही है .

### ▸ इनका कहना है

आपके द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है .इसकी जांच कराई जाएगी .

**मनीष शर्मा,**
एसडीएम रायसेन .

### राखड़ बनती है फैक्ट्री में

मध्य भारत फास्फेट प्राइवेट लिमिटेड किसानों को उपयोग होने वाली राखड़ बनाती है . फैक्ट्री के आसपास 8 किसानों की जमीन लगी हुई है . दरअसल फैक्ट्री ज्यादातर रात में चालू होती है . जिससे अधिक मात्रा में धुंआ छोड़ा जाता है . यही वजह है कि किसानों की फसलें सूख जाती है . किसान राजकुमार साहू साफ तौर पर कहते है फैक्ट्री से निकलने वाला रासायनिक धुंआ हमारी फसल खराब कर रहा है .

## गेहूं खरीदी केंद्रों पर परेशान हो रहे हैं किसान

▸ चार-पांच दिन बाद आ रहा किसानों का नंबर

**बाड़ी, 9 मई. बाड़ी क्षेत्र के समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केंद्रों पर किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. स्लॉट बुकिंग से लेकर उपज की तुलाई तक व्यवस्था सुस्त होने से किसान कई दिनों तक केंद्रों के बाहर इंतजार करने को मजबूर हैं. भीषण गर्मी के बीच किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथे डटे हुए हैं.**

राम किशन ठाकुर, महेंद्र सिंह, रामजी सहित अन्य किसानों का कहना है कि केंद्रों पर तौल कांटों की कमी, सर्वर समस्या और हम्मालों की कमी से तुलाई कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है. कई केंद्रों पर चार से पांच दिन बाद नंबर आ रहा है. बाड़ी , नारद,



नानपोन, दिगवाड, सिलगेना बेयरहाउस सहित अन्य खरीदी केंद्रों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं. कई किसान 20 से 25 किलोमीटर दूर से उपज लेकर पहुंचे हैं. इस बार सरकार द्वारा गेहूं खरीदी देर से शुरू की गई. शुरुआती दौर में केवल दो हेक्टेयर तक रकबा वाले किसानों की उपज खरीदी गई, जिससे बड़े किसान उपज नहीं बेच सके. अब सभी पंजीकृत किसानों के लिए पोर्टल खुलने के बाद केंद्रों पर अचानक भीड़ बढ़ गई है. इसके बावजूद तौल कांटों की संख्या नहीं बढ़ाई.

### किराए से लाए थे ट्रैक्टर-ट्रॉली

किसान महेंद्र सिंह और तुलसीराम ने बताया कि किराए से ट्रैक्टर-ट्रॉली लाए और चार दिन से इंतजार कर रहे हैं . किसान कमलेश ने बताया कि मूंग की फसल में इल्ली लग गई है, लेकिन यहां फंसे होने से दवाई नहीं डाल पा रहे हैं .

**इनका कहना है**

आपसे जानकारी मिली है . अगर किसानों को तुलाई सेंटरों पर समस्याएं हो रही है तो जांच कर कार्रवाई करेंगे .

**सुनील शर्मा ,**तहसीलदार बाड़ी